## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया में प्रभावित परिवारों के घर जाकर की मुलाकात, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी पहुंचे परासिया

# जहरीली सिरप कांड में सीएम ने लिया एक्शन, ताबड़तोड़ कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कफ सिरप के सेवन से हुई मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु की घटना पर अत्यंत संवेदनशील कदम उठाते हुए पूर्व में तय अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर सोमवार को छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे और मृत बच्चों के परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संतप्त परिजन से भेंट कर गहन दुःख व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरी आंखों से अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी ने शोक संतप्त परिजन को एक भावनात्मक संबल दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया क्षेत्र की नगर परिषद न्यूटन पहुंचकर मासूम को खोने वाले खान परिवार और ग्राम बेलगांव के डेहरिया परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बाद में परासिया मुख्यालय पहुंचे और वहां खान परिवार, ग्राम दीघावानी के यदुवंशी परिवार और उमरेठ के सोनी परिवार से मुलाकात की। संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम बड़कुही पहुंचकर यहां के ठाकरे परिवार, ग्राम सेठिया के पिपरे परिवार और ग्राम इकलेहरा के उईके परिवार से मुलाकात कर उनके दुःख में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजन के आंसू पोछते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, मेरी और हम सबकी पीड़ा है। आपके बच्चों का दुख मेरा भी है। वेदना की इस घड़ी में मैं, और पूरी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

न्यूटन में खान परिवार की पीड़ित माता आफरीन, जिन्होंने अपना 5 वर्ष का बेटा खोया है, मुख्यमंत्री को अपने समक्ष देखकर रो पड़ी। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चे को तो नहीं बचा पाए, लेकिन अभी जो बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, यदि वे बच जाएंगे, तो हमारे दिल को बड़ी दिलासा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सबको न्याय मिलेगा। घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संस्था इस हादसे के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाएगा। आज ही दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीड़ित परिजन से कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में उनके साथ है। कोई भी परिजन खुद को असहाय या अकेला महसूस न करे। सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुख में राज्य सरकार हमेशा सहभागी है। घटना से पीड़ित परिजन को सभी प्रकार की शासकीय मदद तत्परता से मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों को सांत्वना देते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति कतई नहीं होने पाये।



### उच्चस्तरीय जांच जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और हम दोषियों को बख्शेंगे नहीं। साथ ही भर्ती बच्चों का इलाज ठीक तरीके से हो, इसके लिए प्रशासनिक टीम भी तैनात कर दी गई है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में हुई घटना में कार्रवाई करते हुए हमने तमिलनाडु की संबंधित फैक्ट्री की दवाइयों पर प्रतिबंध लगाया है। कड़ी कार्यवाही करते हुए तीन अधिकारियों उप औषधि नियंत्रक एवं नियंत्रण प्राधिकारी औषधि प्रशासन भोपाल श्री शोभित कोष्टा, औषधि निरीक्षक जबलपुर श्री शरद जैन और औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा श्री गौरव शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। फूड एंड ड्रग कंट्रोलर को भी स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि इस मामले में सरकार ने सख्त कार्यवाही की है। संबंधित डॉक्टर पर कार्यवाही के अलावा जिस मेडिकल स्टोर से यह दवा बेची गई थी, उस मेडिकल स्टोर और दवा स्टॉकिस्ट दोनों पर कठोर कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार बेहद संवेदनशील है और हमारा पूरा प्रयास है कि प्रदेश में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो। परिजनों से भेंट के दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह सहित श्री शेषराव यादव भी मौजूद थे।

### औषधि नियमों के उल्लंघन पर अपना मेडिकल स्टोर परासिया का ड्रग लाइसेंस निरस्त

खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर जिले के परासिया स्थित अपना मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी श्री शरद कुमार जैन ने बताया है कि आदेश के पश्चात इस मेडिकल स्टोर्स द्वारा अब दवाओं का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन पर तीन से पाँच वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। अनुज्ञापन अधिकारी श्री जैन ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर अपना मेडिकल स्टोर्स परासिया का निरीक्षण किया गया, जिसमें औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। निरीक्षण के दौरान विक्रय रिकॉर्ड अपूर्ण पाए गए, पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय किया जा रहा था तथा विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए।इन उल्लंघनों के संबंध में औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किन्तु नियत अवधि में संचालक द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त के दृष्टिगत अपना मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## दो औषधि निरीक्षकों और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को किया निलंबित, ड्रग कंट्रोलर स्थानांतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा श्री गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर श्री शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर श्री दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अभियान चलाकर घर-घर से रिकवर करें प्रतिबंधित दवा-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाए। इन नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाए। चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन ड्रग नहीं देने की व्यवस्था है, जो डॉक्टर इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर भी कार्यवाही की जाए।

**चिकित्सकों के संगठन और केमिस्ट एसोसिएशन का लिया जाए सहयोग-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैडियाट्रिक्स सहित चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोल्ड्रिफ सिरप की निर्माता कंपनी पर कार्यवाही के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार को घटनाक्रम से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

**छिंदवाड़ा जिले में सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया गया प्रभावित मरीजों को-** बैठक में बताया गया कि छिंदवाड़ा से गंभीर प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होते ही राज्य स्तर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा भेजा गया। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टेण्डर्ड कंट्रोल आर्गेनाइजेशन का भी जांच में सहयोग लिया गया। आठ मरीजों की जाँच के लिए उनके नमूने पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही छिंदवाड़ा से विभिन्न दवाओं के सैम्पल लेकर उनकी जांच कराई गई। छिंदवाड़ा और परासिया के निजी चिकित्सकों, अस्पतालों और केमिस्ट के साथ बैठक कर स्थिति का आंकलन किया गया और उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में सलाह दी गई। छिंदवाड़ा जिले में प्रभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए सर्वे आरंभ किया गया। क्षेत्र से प्राप्त हो रहे इस प्रकार के प्रकरणों को आवश्यकता होने पर आगे के इलाज के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नागपुर के लिए रैफर किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर दवा पर प्रतिबंध लगाया गया तथा अस्पतालों और केमिस्टों के निरीक्षण की प्रक्रिया भी आरंभ की गई।

**ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तथा हिमाचल व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को दी सूचना-** बैठक में जानकारी दी गई कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को भी इस आशय की सूचना दी गई। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोलर से कोल्ड्रिफ सिरप की जांच रिपोर्ट में नमूने अमान्य पाये जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सिरप के विक्रय को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित किया गया। साथ ही अधिकांश मरीजों को कोल्ड्रिफ दवा लिखने तथा अपने परिवार के सदस्य के माध्यम से कोल्ड्रिफ दवा की बिक्री कराने वाले डॉक्टर के निलंबन और दवा निर्माता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## पीड़ितों से मिले सीएम भी और पटवारी भी



**परासिया :-** किडनी फेलियर से मृत बच्चों के पीड़ति परिजनों से एक ओर जहां प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने उनके घर जाकर मुलाक़ात की तो वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पीड़ति परिजनों से मिले। दोनों ही नेताओं ने परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। सी एम मोहन यादव परासिया में हेलीकाप्टर से उतरने के बाद सड़क मार्ग से न्यूटन में मृतक अदनान खान के घर पहुंचे। यहां बेलगांव निवासी मृतक विधि डेहरिया के माता - पिता भी मौजूद थे, उनसे भी सी एम श्री यादव ने बातचीत की और मामले में सरकार द्वारा उठाए जा रहे क़दमों की जानकारी दी। साथी ही पीड़तिों को पूरा न्याय दिलाने और हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान सिविल अस्पताल परासिया में थ्री फेज बिजली कनेक्शन नहीं होने की बात भी रखी गई। इस मामले में सांसद बंटी साहू ने कलेक्टर को निर्देशित किया। सी एम के साथ सांसद विवेक बंटी साहू, जिला अध्यक्ष शेष राव यादव, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने भी परिजनों से मुलाक़ात की।



## मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री है मासूम बच्चों की मौत के जिम्मेदार- कांग्रेस

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष किया अनशन, दिवंगत बच्चों को दी विनम्र श्रद्धांजलि**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परासिया, छिन्दवाड़ा, चौरई व सौंसर के दिवंगत 16 निर्दोष मासूम बच्चों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करने, विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने व शोकाकुल परिवार को सम्बल प्रदान करने जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा ने एक दिवसीय अनशन किया। फव्वारा चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष अनशन पर बैठे कांग्रेसजन ने सत्तासीन भाजपा सरकार को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया।

अनशन व श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करने के पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि फिर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ इस सम्पूर्ण मामले को लेकर गम्भीर है, उनसे चर्चा के उपरांत मैं तत्काल छिन्दवाड़ा पहुंचा। उन्होंने कहा मासूम बेटे व बेटियां काल के गाल में समा गए। यह दुर्घटना नहीं बल्कि सरकारी हत्या है। इसकी जिम्मेदारी किसी ना किसी को तो लेना ही होगा। सर्वप्रथम दवाई बेचने वाले, स्वास्थ्य कमिश्नर, स्वास्थ्य मंत्री एवं ड्रग कंट्रोलर के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया जाना चाहिए। सीएम मोहन यादव अपने पाप छिपाने के लिए डॉक्टर पर अपराध कायम करवा रहे हैं, जबकि इस मामले में डॉक्टर सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं है, उसने तो केवल दवाइयां लिखी, लेकिन उसमें हुई मिलावट के लिए सरकार जिम्मेदार है। स्वास्थ्य मंत्री का गैर जिम्मेदाराना बयान कि सिरप में मिलावट नहीं है, उनकी कमीशन की दुकान को जारी रखने के लिए दिया गया है। मुख्यमंत्री को संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करना था। छिन्दवाड़ा के सांसद क्रिकेट खेलते रहे, गरबा में नाचते रहे, लेकिन 25 किमी चलकर पीडितों से नहीं मिल सके। भाजपा के भ्रष्टाचार से मप्र अमानक दवाइयों के विक्रय का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्ष में मप्र जितने भी नवजात बच्चों की मौत हुई है उसकी जांच कराई जाए।

## निजी डॉक्टरों एवं मेडिकल संचालकों की बैठक



**सिंगोड़ी:** किटनी फेलियर के मामले में प्रशासनिक अधिकारी द्वारा सतर्कता बरती जा रही है इसी कारण सिंगोड़ी में निजी डाक्टरों और मेडिकल संचालकों की बैठक सिंगोड़ी पुलिस चौकी प्रांगण में अमरवाड़ा एसडीएम की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें शासन की मंशा और वर्तमान समय पर उपजी समस्या और सावधानी को लेकर दिशा निर्देश के साथ ही दिए गए।बुखार के बाद बच्चों का इलाज कराने पर किडनी फेल होने की घटना से कई परिवारों में मातम पसरा है, जिसके बाद शासन प्रशासन कार्रवाई करना शुरू कर दिया है सोमवार को अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकडे ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर करुष ठाकुर बीपीएम अखिलेश देशमुख जीवनदास पटेल ने स्थानीय मिडिकल और प्रेक्टिस करने वाले डाक्टरों को प्रतिबंधित दवाई को लेकर अपनी कही। एसडीएम हेमकरण धुर्वे ने कहा की उक्त प्रतिबंधित दवाई अगर किसी ने ली है तो बताए तथा अन्य कोई दूसरे सिरप या दवाइयों में किसी मरीज की तबियत बिगड़ती है तो सूचना तुरंत दे वही करुष ठाकुर कहा की शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को किसी भी तरह का सिरप देने से बचे और बिना पर्ची के दवाई न दे साथ ही सभी को पक्का बिल दे वही एसडीओपी कल्याणी बरकरे ने सभी से सतर्कता बरतने की बात कही और कहा की बच्चों और बड़ों में किसी सिमटेंस के पाए जाने पर उसे शासकीय अस्पताल जाने की बात कहे। इस दौरान दर्जनों डाक्टर मेडिकल संचालक स्वस्थ कर्मी और स्थानीय पत्रकार सामिल थे।

## छिंदवाड़ा में जल्द शुरू होगा ऑडिटोरियम निर्माण कार्य : महापौर



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम सिंह अहके ने आज भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय जी से भेंट की। इस दौरान महापौर जी ने शहर के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से छिंदवाड़ा में ऑडिटोरियम निर्माण के विषय को प्रमुखता से रखा। महापौर श्री अहके ने मंत्री जी को अवगत कराया कि इस ऑडिटोरियम के निर्माण की घोषणा अगस्त 2023 में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार दिवस एवं मेला सम्मेलन में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना शहर के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस अवसर पर माननीय मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया कि ऑडिटोरियम निर्माण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा जैसे प्रगतिशील शहर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑडिटोरियम का निर्माण नागरिकों के लिए एक उपहार होगा। महापौर श्री विक्रम सिंह अहके ने मंत्री जी के सकारात्मक सहयोग एवं तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि शीघ्र ही छिंदवाड़ा में एक भव्य ऑडिटोरियम का निर्माण प्रारंभ होगा।

## जुन्नारदेव परियोजना अधिकारी 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाई

### लोकायुक्त की कार्यवाही, हद कर दिए रिश्वतखोर, दो दिन में अवैध उगाही का दूसरा मामला, महिला बाल विकास में खुलकर हो रही वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया/जुन्नारदेव

जिले में मुख्यमंत्री के आने में एक घंटा था, कमिश्नर छिंदवाड़ा में, विपक्ष का जमघट लगा था फिर भी बेखौफ होकर महिला बाल विकास की पीओ सीमा पटेल ने 20 हजार की रिश्वत ली।

बीते शनिवार को विभाग के सहायक संचालक हेमंत छेकर को अवैध वसूली करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पकड़ा और पुलिस को सौंपा था ठीक एक दिन बाद सोमवार को जुन्नारदेव में एकीकृत महिला एंव बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सीमा पटेल बीस हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त के हाथ चढ़ गई। इन दोनों घटनाओं ने महिला बाल विकास विभाग में जमकर चल रहे भ्रष्टाचार का भांडा फोडकर रख दिया है।परियोजना अधिकारी सीमा पटेल की कार्यप्रणाली विवादित रही है।

सन 2016-17 में महिला सशक्तिकरण अधिकारी के पद पर कार्यरत सीमा पटेल का कार्यकाल उस दौरान भी खासा विवादास्पद रहा था। उनकी एक बार फिर इस विकास खंड में परियोजना अधिकारी के रूप में बीते वर्ष में हुई थी। यहां पर अपने कार्यकाल के प्रारंभिक दिनों में ही ग्राम पंचायत गारादेही की एक आंगनवाडी सहायिका से कथित तौर पर रूपयों की मांग किए जाने से उसकी तबीयत बिगड़ गई थी. जो अब तक नागपुर में उपचाररत है।

इससे पहले तामिया में भी उनकी भिड़ंत महिला आगनवाड़ी सहायिका सीमा ऊइके से हो चुकी थी जो मामला थाने तक जा पहुंचा था। अपनी ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं से रुपए मांगने की ऐसी कई घटनाओं से इनका हमेशा ही जुड़ाव लगा रहा है। नियुक्ति पत्र के एवज में 50 हजार की मांग की पहली किस्त 20 हजार लेते धराया स्टॉफ सोमवार को नगर के महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में लोकायुक्त की एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

यहां पर नियुक्ति के नाम पर रिश्वत के रूप में मांगे गए 20 हजार को लेते हुए परियोजना अधिकारी एवं उनकी तीन सुपरवाइजर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। स्थानीय वनग्राम कालीमाटी में स्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को दोपहर बाद हुई इस कार्रवाई में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल सहित अन्य तीन सुपरवाइजर सुश्री बिंदु माहीर, श्रीमती आरती आप्नवंशी एवं श्रीमती लक्ष्मी पंडोले को रुपए 20 हजार की धन राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया है।

इनके खिलाफ लोकायुक्त जबलपुर के द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जुन्नारदेव विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरघोड़ की निवासी कुमारी पूजा उड़के का चयन आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर वरीयता के आधार पर हो चुका था। चयनित उम्मीदवार सुत्री पूजा उईके द्वारा इस कार्यालय की अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपना नियुक्ति पत्र की मांग किए जाने पर उसके एवज में इन अधिकारियों के द्वारा रुपाए 50 हजार की मांग की गई थी। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल के कहने पर अन्य तीन सुपरवाइजर ने इस चयनित उम्मीदवार से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के एवज में रुपए 50000 की मांग रखी थी। जिसकी प्रथम किस्त 20000 आज इन चारों महिला अधिकारी और कर्मचारियों को आवेदक के द्वारा दिए गए।

इसी दौरान लोकायुक्त ने दबिश देकर परियोजना अधिकारी सीमा पटेल और उनकी तीन अन्य सुपरवाइजर बिंदु माहीर, आरती आम्रवंशी एवं लक्ष्मी पंडोले को धर दबोच लिया गया। लोकायुक्त पुलिस के द्वारा इन चारों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा 7, 13 (1), बी. 13 (2), 12 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में आज हुई इस कार्रवाई में लोकायुक्त के दल में प्रभारी निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक शशि मुस्कुले निरीक्षक जितेंद्र यादव एवं आरक्षकगण शामिल थे।

भ्रष्टाचारी अधिकारियों का गढ़ बना आदिवासी विकासखंड जुन्नारदेव छिंदवाड़ा जिले का यह आदिवासी विकासखंड जुन्नारदेव में भ्रष्टाचार की कई कहानियां बन चुकी है। इस आदिवासी विकासखंड में लोकायुक्त के द्वारा यह लगातार 9 वी कार्रवाई की गई है, जिसमें यहां पदस्थ बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार की इस कार्रवाई के घेरे में आ खड़े हुए हैं।

इससे पहले लोकायुक्त की कार्रवाई में डॉक्टर रविंद्र कटारिया, जनपद पंचायत के एसडीओ आर के गुप्ता, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के रवि शंकर सिंह, जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सीईओ सुरेंद्र साहू बीएमओ आर आर सिंह, एसडीएम के रीडर मरकाम बाबू, पशु चिकित्सा योगेश सेमिल तथा रोजगार सहायक मुकेश बेलवशी भरष्टाचार अधिनियम के तहत आरोपी बनाए गए थे।

## सीएम मोहन यादव पीड़ित परिवारों से मिलने परासिया पहुंचे

# वैश्य महासम्मेलन तामिया इकाई ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



किडनी फेल होने बच्चो की लगातार हो रही मौत को लेकर सीएम मोहन यादव पीड़ित परिवारों से मिलने परासिया आकस्मिक दौरे पर आए । परासिया सीआईएसएफ ग्राउंड में सीएम मोहन यादव के आगमन पर वैश्य महा सम्मेलन तामिया इकाई संगठन पदाधिकारीयो ने ज्ञापन सौंप कर मांग रखी। भाजपा नेता विनोद अग्रवाल,पंडित भाजयुमो ब्लाक अध्यक्ष पंडित वतन उपाध्याय अग्रवाल,यशवंत सिंह कौरव,गोपाल साहू,कामता साहू,रमेश साहू,वैश्य महासम्मेलन तामिया महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमति प्रतिभा सोनी,प्रभारी श्रीमती काशी भागीरथ साहू,नितिन दत्ता सभी ने हैलीपेड़ पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लगातार परासिया तामिया सहित जिले में कफ सिरप से लगातार बच्चो की मौत मामले की निष्पक्ष जांच तथा शासकीय महाविद्यालय तामिया में विज्ञान संकाय (बीएससी) एवं पीजी कक्षाएं प्रारंभ करने तथा तामिया में जल जनित रोगों से बचाव के लिए फिल्टर प्लांट तथा अधूरे जल जीवन मिशन कार्यो के संबंध की मांग रखी गई। गौरतलब है कि आदिवासी बहुल तामिया विकासखंड में 1982 से स्थापित शासकीय महाविद्यालय में बी.ए.बी.कॉम स्नातक स्तर पर ही संचालित है बीते 43 वर्षो में महाविद्यालय में विज्ञान संकाय नहीं है पहले भी उच्च शिक्षा विभाग से मांग की जा चुकी है। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड में हर वर्ष बीएससी, एमएससी के लिए बच्चों को क्षेत्र के बाहर जाना पड़ता है। स्टाफ एंव प्राचार्य विहीन है बीते सालों से विधालय अतिथि विद्ववानो के भरोसे है। शासकीय महाविद्यालय तामिया में कृपया विज्ञान संकाय पाठ्यक्रम के माध्यम से बीएससी एमएससी तथा विषयों की स्नातक उत्तर कक्षाएं प्रारंभ करवाने की मांग रखी हैं । ज्ञापन के मुताबिक तामिया मुख्यालय में जल जनित रोग से आम लोग बहुत परेशान हैं तामिया में जल जीवन मिशन कार्य बीते 6 वर्षों से जारी होकर अधूरा है। सांदीपनी विद्यालय के पास फिल्टर प्लांट स्थापित किया गया है जिसका भुगतान होने के बाद भी लेकिन वह संचालित नहीं होने से आम लोगों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जल जीवन मिशन के कार्य एजेंसी संसु इंटरप्राइजेज द्वारा लगभग 1 करोड़ का भुगतान लेकर कार्य छोड़ दिया गया है 60 लाख से अधिक लागत का फिल्टर प्लांट अनुपयोंगी साबित हो रहा है हर घर नल योजना के तहत जल जीवन मिशन कार्य पूरा नहीं हो सकता है आपसे अनुरोध है कि लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीन जल जीवन मिशन कार्य को पूरा करते हुए फिल्टर प्लांट की सुविधा आम लोगों को जलने की कृपा करें जिससे जल जनित रोगों से आमजन को निजात मिल सके।वैश्य महा सम्मेलन संगठनइकाई तामिया ने जनहित के लिए सीएम श्री यादव से कार्यवाही की मांग की।

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ में जन भागीदारी समिति की बैठक संपन्न

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में सोमवार को जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे ने की, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य/सचिव श्रीमती रश्मि दास सहित समिति के अन्य सदस्यगण श्री राकेश सूर्यवंशी,पिंटू नागले, संतोष वरबड़े, राजकुमार कुशवाह, महेश कुमार भारती उपस्थित रहे।बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा भौतिक विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जनभागीदारी समिति की बैठक में विज्ञान संकाय हेतु उपकरण एवं पुस्तकें क्रय करने, ,सत्र 2026-27 से कम्प्यूटर एप्लीकेशन कोर्स प्रारंभ करने, महाविद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में सी सी टी वी कैमरा लगाने, जनभागीदारी मद से कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि करने एवं अन्य प्रमुख प्रस्ताव जनभागीदारी समिति के सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## कलेक्टर वशिष्ठ ने लिया पदभार



**पांढुर्ना।** आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना का पदभार नवागत जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान कलेक्टर अजय देव शर्मा ने नवागत कलेक्टर महोदय को अपने साथ कलेक्टर कार्यालय लेकर पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय मे अत्यंत सादगीपूर्ण रूप से निवर्तमान कलेक्टर महोदय ने वर्तमान कलेक्टर को प्रभार सौंपा।

# सौंसर में चोरों ने तोड़े एक साथ चार घरों के ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

बीती रात्रि 2 से 3 के बीच मे सौसर नगर के व्यस्ततम वार्ड क्रमांक 14 नागपुर मार्ग पर चोरों के द्वारा चार घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की जानकारी प्राप्त हुई है। चोरी के बाद में भागते हुए पांच चोरों की तस्वीर इस परिसर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है।जिसको लेकर अब पुलिस सीसीटीवी इसके आधार पर चोरों की पताशाजी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि नगर के व्यस्ततम एरिया एलआईसी कार्यालय के पास 5 चोरों ने एक साथ चार घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।सौसर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 नागपुर रोड पर संजय परात्कार के निवास में किराएदार के रूप में रह रहे कपिल धकाते, वदेश सोनटके, अब्दुल दीवान, और जिब्राइल खान के निवास स्थान पर रात्रि के समय में ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम किया है।पुलिस को सूचना देने के बाद में सुबह सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके, एएसआई प्रहलाद बैरागी के द्वारा टीम के साथ में पहुंचकर सर्चिंग करते हुए परिजनों से चोरी को लेकर जानकारी प्राप्त की है।कहां जा रहा है कि सीसीटीवी में चोरों के चेहरे नजर आ रहे हैं। उससे अंदाजा लगा रहा है कि यह बाहरी गेंग का काम है। चर्चा के दौरान सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके ने बताया कि वार्ड क्रमांक 14 एलआईसी के पीछे के गली में चार घरों के चोरों के द्वारा ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसमें लगभग 40 से 45 हजार रुपए जेवर नगद की चोरी हुई है। अपराध को पंजीबद्ध करते हुएयहां पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोरों की पताशाजी की जा रही है।इधर वार्ड वासियों के द्वारा अब वार्ड क्रमांक 14 में रात्रि के समय में पुलिस की गश्ती बढ़ाने की मांग की जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री के सहयोग से होगा जरूरतमदों का उपचार

**सौंसर।** लंबे समय से पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ के द्वारा मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री सुरक्षा निधि के माध्यम से सौसर पांढुर्णा क्षेत्र के मरीजों इलाज के लिए राशि उपलब्ध कराने का कार्य किया है।हाल ही में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ के अनुरोध तथा सासंद विवेक (बंटी) साहू की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से जरूरतमंद नागरिकों के उपचार हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिसमें रामदास सांबोरे – 50,000/- अरुण लवहाले– 65,000/- रेवना कालभोर – 50,000/- अशोक शिंदे – 40,000/- गोपाल चिकटे – 20,000/- निलाबाई फरकसे – 45,000/-मधुकर चौधरी – 20,000/-का समावेश है।कुल मिलाकर 2,90,000/- की राशि इन जरूरतमंद नागरिकों के उपचार हेतु स्वीकृत की गई है। पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ और सासंद विवेक बंटी साहू द्वारा किए गए इस प्रयास से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली है।स्थानीय नागरिकों ने इस जनहितैषी कार्य के लिए मुख्यमंत्री, सासंद साहू एवं पूर्व मंत्री मोहोड़ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# भण्डारे की पांचवी वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

परम पूज्य संत श्री आशाराम जी आश्रम लिंगा में प्रतिमाह अमावस्या के आसपास आश्रम के आसपास के ग्रामों में निवासरत हजारों जरूरतमंद परिवारों को राशन , वस्त्र , दवाई ,अनाज आदि भेंट किये जातें हैं । इस अवसर पर आश्रम की संचालिका साध्वी प्रतिमा बहन ने बताया कि इन भण्डारों की शुरुआत 5 वर्ष पहले सन 2020 से शरद पूर्णिमा के दिन हुई थी । तब से आज तक प्रतिमाह सत्संग और भण्डारे का आयोजन सम्पन्न हो रहा । श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष दीपावली पर्व पर जिले भर के आदिवासी क्षेत्रों में ऐतिहासिक भण्डारे का कार्यक्रम होता हैं । गत कुछ वर्षों से इसी आश्रम से शरद पूर्णिमा को यहीं से शुरुआत होती हैं । फिर यह भण्डारे दीपावली पर्व के अंत तक जारी रहतें हैं । आश्रम के आसपास के सैकड़ों जरूरतमंद परिवार जनों के बकायदा राशन कार्ड बनाये गए हैं। किसी कारणवश वो समय पर ना आ सकें तो बाद में आश्रम आकर उनके हिस्से का राशन सामग्री लेकर जाते हैं ।

## हरिनाम सप्ताह में हो रहा है ईश्वर की लीलाओं का वर्णन

**पिपलानारायणवार।** नगर में वैकुठवासी हरिभक्त परायण श्री संत सूर्यकांत महाराज डोंगरे के समाधिधाम पर आयोजित 28 वी पूण्यतिथि अवसर पर अखंड हरिनाम सप्ताह एवं संकिर्तन, ज्ञानेष्वरी पारायण का आयोजन हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन में हभप हरिओम महाराज निबोरकर ने कीर्तन में संत परंपरा, ईष्वर भक्ति, नामस्मरण और सत्कर्म के महत्व पर प्रकाष डालते हुये कहा कि, धर्म का पालन, सेवाभाव और ईष्वर स्मरण ही जीवन को सुख षांति और सदगति प्रदान करता है। जब हम दूसरों के कल्याण के लिये काम करते है और अपने हृदय को षुद्ध रखते है तभी जीवन में सच्ची सफलता मिलती है। वर्तमान जीवन में मन, वचन और कर्म की षुद्धि अत्यंत आवष्यक है। माता-पिता और गुरूओं का आदर करे और समाज में सेवा का कार्य करे। हभप हरिओम महाराज ने कहा कि, धर्म और भक्ति का मार्ग अपनाने से जीवन में संकट कम होते है, सुख बढते है और आत्मा को परमात्मा से मिलन का अनुभव होता है। हरिकीर्तन ने न केवल श्रद्धालूओं के हृदय में भक्ति भाव को प्रज्वलित किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में धर्म, आध्यात्मिक चेतना और सामूहिक एकता का संदेष भी फैलाया।



## जुन्नारदेव व्यापारी महासंघ की कार्यकारिणी की घोषणा के साथ उठे विरोध के स्वर

**जुन्नारदेव :** नगर के व्यापारियों का संगठन बनाने की को लेकर मंगल भवन में व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में संरक्षक मंडल एवं अंतरिम अध्यक्ष पद का चयन सर्वसम्मति से किया जा चुका था। इसके पश्चात आज नगर व्यापारी महासंघ के अन्य पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। संरक्षक मंडल के निर्देशानुसार अध्यक्ष तरुण बत्रा की सहमति के उपरांत महामंत्री मनीष बंटी सहू के द्वारा पदाधिकारियों की घोषित किया गया है। व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों की सूची व्यापारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित होने के बाद विरोध करने वाले व्यापारियों ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किया। व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के बाद ही अध्यक्ष का चयन किया जाना था। चुनाव न करा कर व्यापारी महासंघ का गठन किया गया है। जिसको लेकर विरोध के स्वर मुखर हो रहें हैं।

### इनका कहना हैं

जुन्नारदेव व्यापारी मंडल के गठन की सूची बनाई गई है। इस सूची में सचिव पद पर मेरा भी नाम लिखा हुआ है। जिसकी ना तो मुझे जानकारी दी गई ना मुझसे सहमति ली गई है। **भूपेश चौरसिया, व्यापारी**

**क्या कहते हैं अध्यक्ष-:** अंतरिम अध्यक्ष की बात मात्र मैंने खुद ने कहा था । सिर्फ मैं स्वयं के लिए ही कही थी। संरक्षक मंडल ने पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया था। **तरुण बत्रा, अध्यक्ष व्यापारी महासंघ जुन्नारदेव**

## अवैध खनन का गढ़ बन चुके परसोड़ी घाट में लांजी पुलिस की कार्यवाही

# परसोड़ी घाट से अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त ट्रेक्टर ट्राली जप्त

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम परसोड़ी जो महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगा हुआ ग्राह है, यहां के नदी घाट से रेत माफियाओं द्वारा काफी समय से प्रतिबंध के बावजूद रेत का अवैध खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से बेखौफ होकर किया जा रहा है। वहीं रेत माफियाओं द्वारा यहां गैंग बनाकर प्रशासन के आने के पहले ही उनकी रैकी करने में लगे रहते हैं जिनमें से ज्यादातर युवा ग्राम के ही हैं जिनके द्वारा रेत चोरी का कार्य किया जा रहा है और प्रशासन को राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है। इसी कड़ी में 5 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी की रेत से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त कर पुलिस थाना लांजी लाया गया है। तथा पुलिस ने इस संबध में अपराध पंजीबद्ध किया है जिसमे लेख है कि 5 अक्टूबर को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति अपने लाल रंग का मेसी ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। जो कुछ समय पश्चात ग्राम परसोड़ी घाट से निकलने वाला है जो सूचना मुखबिर के बताये अनुसार पुलिस बल ग्राम परसोड़ी पंहुचा जहां देखा की बाघ नदी परसोड़ी घाट से मोक्षधाम की ओर ट्रेक्टर रेत से भरा हुआ आ रहा था। पुलिस को देखकर चालक वाहन सहित फरार होने की कोशिश करने लगा जिसको हमराह स्टाफ ने हिकमत अमली से रोका ट्रैक्टर में वाहन क्रमांक अंकित नही था। ट्रॉली में रेत भरी हुई थी वाहन चालक से रायल्टी मांगने पर नही होना बताया जिस पर पुलिस बल के द्वारा वाहन चालक का नाम पता पुछने पर अपना नाम गणेश पिता खेमचंद पगरवारे जाति लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्रा परसोड़ी होना बताया। ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 जेड बी 7415 होना बताया जो वाहन चालक गणेश पगरवारे के द्वारा बिना रायल्टी वैद्य दस्तावेजो के रेत खनिज का परिवहन करना पााया गया।

**झाडियों के पीछे छुपकर की जाती है रैकी:** परसोड़ी घाट जो महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगा हुआ है, यहां रेत माफियाओं के कर्मचारी घाट के आसपास झाडियों में छुपकर यहां आने वाले लोगों की रैकी करते है और रेत की चोरी और परिवहन से रोकने वाले लोगों से उनकी आईडी और पहचान पूछकर उन्हें डराने धमकाने का कार्य करते है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 5 अक्टूबर की कार्यवाही में पुलिस के जवानों से भी रेत माफियाओं द्वारा आईडी और बांदा कंपनी के कर्मचारी होने की बात कही जा रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार परसोड़ी घाट में पिछले काफी समय से रेत चोरी की जा रही है जिसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी है परंतु उनके द्वारा भी शिकायत नहीं किये जाने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जबकि देखने में आया है की ग्राम परसोड़ी में जगह-जगह रेत माफियाओं द्वारा रेत के डंप बना लिये गये है और अवैध व्यापार किया जा रहा है।



**लगातार कार्यवाही के बाद भी नहीं सुधर रहे रेत माफिया:** उल्लेखनीय है की विभिन्न समाचार पत्रों में रेत चोरी और अवैध परिवहन के समाचार लगातार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आ चुका है और लगातार कार्यवाही की जा रही है उसके बाद भी रेत माफियाओं द्वारा दिन और रात धडल्ले से रेत का दोहन करने नजर आ रहे है। परंतु अब पुलिस प्रशासन भी इन रेत माफियाओं के विरूद्ध कमर कसते हुए कार्यवाही करने में या नकेल कसने मे सक्रिय नजर आ रही है विगत दिनों पूर्व ही रेत से भरे दो ट्रैक्टरों पर चोरी की धाराओ के तहत कार्यवाही की जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है की आगे भी जो रेत की चोरी या अवैध परिवहन में लिप्त पाया जाएगा उस पर कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी

**पुलिस ने किया मामला पंजीबद्ध:** लांजी पुलिस ने 5 अक्टूबर को एक ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया है, जिसमें अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है और ट्रेक्टर को अभिरक्षा में ले लिया है। पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 233/25 धारा 303-2, बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज विकास का विनीयमन अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाया जाने से मौके पर वाहन चालक के कब्जे से अवैध रेत खनिज का परिवहन करने वाला ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 50 जेड बी 7415 को जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया है।

# कल सिविल क्लब में आर्केस्ट्रा का आयोजन

## फिल्म अभिनेता चंकी पांडे की उपस्थिति में खुलेगा लकी ड्रा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी में पूरे नौ दिनों तक शारदेय नवरात्र में मातारानी की आराधना विधि विधान के साथ की गई। इस मौके पर एक लकी ड्रा कूपन रखा गया है। जिसमें भक्तों ने अपनी किस्मत आजमाने के लिए कूपन खरीदे है। जिसका लकी ड्रा 8 अक्टूबर को खोला जाएगा। यह कार्यक्रम फिल्म अभिनेता चंकी पांडे के मुख्य आतिथ्य में होगा। 8 अक्टूबर को आयोजित आर्केस्ट्रा में वार 2 फिल्म के गायक साज भट्ट, इंडियन आईडल की विजेता दीक्षा टूर एवं अन्य इंडियन आइडल के गायक सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे।

नवदुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी लकी ड्रा कूपन योजना समिति की ओर से रखी गई हैं। जिसका ड्रा आगामी 8 अक्टूबर को खोला जा रहा है। इससे मातारानी के भक्तों की किस्मत चमकेगी। इस ड्रा में पहला पुरस्कार हीरो एक्सट्रीम स्पोर्ट बाईक, दूसरा इनाम न्यू हीरो डेस्टिनी 125, तीसरा इनाम एलईडी एल जी, चौथा इनाम फ्रिज 180 लीटर, पॉचवा इनाम वाशिंग मशीन के साथ कूपन के अंतिम तीन अंकों पर भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जायेगे। कार्यक्रम फिल्म अभिनेता चंकी पांडे की मौजूदगी में होगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की श्री कछवाहा ने अपील की गई हैं।

# पंखे के करेंट से मासूम की मौत, मां के साथ नाना के घर गई थी मासूम

## घटना के बाद से दो गांव में मातम का माहौल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थाना क्षेत्र के सिरेगाव में उस वक्त मातम पसर गया। जब, मां के साथ, नाना के घर आई डेढ़ वर्षीय मासुम अवनी पिता अनिल उमरे की, पंखे के करेंट से मौत हो गई है। जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त नाना, मवेशियों को चारा दे रहे थे। जैसे ही नातन को पंखे में चिपका देखा, नानी ने तत्काल ही उसे हटाया, जिन्हें भी करेंट लगा है। हालांकि उन्हें ज्यादा चोटें नहीं है, लेकिन मासुम की मौत हो गई। जिसकी पुष्टि अस्पताल लाने के बाद डॉ. ने की। जिस जानकारी के बाद पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही करके, शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

बताया जाता है कि बालिका लांजी थाना क्षेत्र के ही बिसोनी के कटंगी की रहने वाली थी। जिसके पिता मजदूरी करने, घर से बाहर गए है। अवनी, आज सुबह ही मां के साथ नाना-नानी के यहां गई थी। जहां हुई इस घटना के बाद मां और परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। जिसका लांजी सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ. अक्षय उपराडे ने पीएम किया। जिसके बाद पुलिस ने मासुम का शव, अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद मासुम के गांव कटंगी में भी मातम का माहौल है वहीं बाहर कमाने गए, अवनी के पिता का इंतजार किया जा रहा है। नाना इंदु लिल्हारे ने बताया कि आज ही उसने पंखा सुधारकर लाया था। उसे चलाने के बाद, उसे बंद कर वह मवेशियों को चारा देने गया था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। लांजी पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। मामले में शव का पीएम करवाकर, शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध की नाले के नीचे मिली लाश

**कटंगी।** तिरोड़ी से पिपरवानी मुख्य सड़क मार्ग पर तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुकली के पास स्थित नाले के नीचे मानसिक रूप से विक्षिप्त 70 वर्षीय वृद्ध की लाश मिलने से हड़कंप मच गया. सोमवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे के आसपास ग्रामीणों ने लाश देखी जिसकी सूचना तिरोड़ी पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद करने के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर पीएम किया गया और पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है. तिरोड़ी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम सुकली निवासी जन्नुलाल पिता आसाराम पुसाम उम्र 70 वर्ष की लाश नाले के नीचे बरामद की गई है. जन्नुलाल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह गांव में ही यहां वहां घूमते रहता था. प्रारंभिक तौर पर पुलिस का यह अनुमान है कि संभवत पुल के ऊपर से नीचे नाले में गिरने की वजह से मौत हुई है. पुलिस ने यह भी बताया कि मृतक 05 अक्टूबर की शाम करीब 05 से लापता था फिलहाल घटना की जांच शुरू कर दी है।

# स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन : स्वयंसेवक संघ की 100 वीं वर्षगांठ पर नगर के 4 स्थानों से निकाला गया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने और विजयादशमी पर्व के अवसर पर नगर में संघ के स्वयंसेवकों के पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार पथ संचलन को विशाल रुप देने के लिए नगर के विभिन्न स्थलों से स्वयं सेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। संघ द्वारा नगर को 4 भागों में विभाजित किया गया, जिसमें अम्बेडकर बस्ती के तहत वार्ड नम्बर 1, 2, 3 व 15 के स्वयंसेवक कचहरी मैदान, स्वामी विवेकानन्द बस्ती के तहत वार्ड नम्बर 4, 5, 6 के स्वयंसेवक टिहलीबाई स्कूल, श्रीराम बस्ती के तहत वार्ड नम्बर 6, 7, 8, 9, 10 के स्वयंसेवक श्रीराम मंदिर परिसर में व कबीर बस्ती के तहत वार्ड नम्बर 11, 12, 13 व 14 के स्वयंसेवक भाजी मंडी जैन मोहल्ला में एकत्रित हुए।

जिसके बाद कचहरी मैदान बस्ती में डॉ. केशवराव हेडगेवार न्यास अध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव व सुरेश कुमार डोहरे, टिहलीबाई माध्यमिक विद्यालय परिसर में विभाग सरसंघचालक श्रीरंग देवरस व व नेतलाल परते, श्रीराम मंदिर परिसर में विभाग सहकार्यवाह विक्रांत साकरे व लख्मीराम रामचंदानी तथा भाजी मंडी परिसर में विभाग सेवा प्रमुख रितेश अग्रवाल व कमलेश रहांगडाले द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के 100 वर्षो के इतिहास से अवगत कराते हुए उसके उद्देश्यों के बारे में बताया। वक्ताओं ने स्वयंसेवकों से संघ के उद्देश्यों, विचारों व कार्यो को जन-जन तक पहुँचाने और उस पर अमल करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आव्हान किया।

उसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा हाथों में लाठी लेकर पंक्तिबद्ध होकर विशाल पथ संचलन निकाला गया। जिसमें स्वयंसेवक कचहरी परिसर से निकल कर दीनदयाल चौक, कालेज चौक, अमृत नगर, शंकर तालाब, जय स्तम्भ चौक होकर वापस कचहरी प्रांगण, टिहलीबाई स्कूल परिसर से निकल कर बालाघाट रोड जायसवाल पेट्रोल पंप, दीनदयाल चौक, जय स्तम्भ से वापस टिहलीबाई स्कूल परिसर, श्रीराम मंदिर परिसर से निकल कर गॉधी चौक, कुम्हारी मोहल्ला, हनुमान मंदिर, गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, दुर्गा मंदिर चौक, सब्जी बाजार से होते हुए वापस श्रीराम मंदिर परिसर तथा भाजी मंडी परिसर से निकल कर जागेश्वर शिव मंदिर, कसारी मोहल्ला, शीतला माता मंदिर, हैदराबाद मोहल्ला, गॉधी चौक से गोलीबार चौक होते हुए वापस भाजी मंडी परिसर पहुँचे।

**खबर संक्षेप**

## पत्थर से टकराई बाईक एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में बम्होडी ग्राम के पास देर रात तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकराकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार इमरान खान (38) घायल हो गया। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इमरान खान बरघाट से सिवनी की ओर जा रहे थे। बम्होडी ग्राम के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक पत्थर से टकरा गई और नियंत्रण खोकर फिसल गई। हादसे में उनके सिर, हाथ, पैर सहित अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि बाइक फिसलने से हादसे की सूचना मिली है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा कैसे हुआ। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, ताकि ऐसे

### मौत का अड्डा बन चुका है सिवनी-बालाघाट रोड

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत, बेटा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा

**सिवनी-बालाघाट रोड एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना है। आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाएँ अब लोगों की जान पर भारी पड़ रही हैं।**




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बरघाट थाना अंतर्गत धारनाकला और पौनारकला के बीच की है, जहाँ एक भीषण सडक़ हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, लालपुर निवासी साजिद बेग और उनकी पत्नी अपने बेटे के साथ जा रहे थे। तभी तेज़ रफ्तार एमपीआरडीसी के बोलेरो वाहन (क्रमांक एमपी 28 जेट सी 2221) ने रोड में बने गड्ढे.से बचने के चक्कर में उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि साजिद बेग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

यह पहली घटना नहीं है। बीते दो वर्षों में इस सडक़ पर सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं। किसी माँ की गोद उजड़ गई तो किसी परिवार का सहारा छिन गया। सवाल यह है कि आखिर कब तक यह मौतों का सिलसिला जारी रहेगा और कब तक प्रशासन और नेताओं की नींद खुलेगी?

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले साल रक्षाबंधन पर सिवनी-बालाघाट रोड को फोरलेन बनाने की घोषणा की थी। लेकिन एक साल से ज्यादा बीत जाने के बाद भी सडक़ की हालत जस की तस बनी हुई है। गहरे गड्ढे, टूटी साइड सोल्डर और अव्यवस्थित निर्माण कार्य रोज़ाना हादसों को न्यौता दे रहे हैं। हालात यह हैं कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सडक़ पर मुरम डालकर औपचारिक मरम्मत जरूर कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद हालात फिर वैसे ही हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों ने लगातार सडक़ निर्माण की मांग को लेकर सत्याग्रह और आंदोलन भी किया। लोगों ने सडक़ जाम कर विरोध दर्ज कराया, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा। टोल टैक्स वसूली जारी है, लेकिन सडक़ सुधार के नाम पर कुछ नहीं हो रहा।

**प्रशासन की जिम्मेदारी पर सवाल**

सडक़ किनारे अतिक्रमण, अवैध कब्ज़े और जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को और भी भयावह बना रहे।

## करवा चौथ व्रत पर छिंदवाड़ा चौक गणेश मंदिर में पूजन-अर्चन एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूर्व वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री गणेश मंदिर, शंकराचार्य चौक (छिंदवाड़ा चौक) सिवनी में करवा चौथ व्रत के अवसर पर भगवान श्री गणेश जी का पूजन-अर्चन एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7.30 बजे भगवान श्री गणेश जी का पूजन-अर्चन एवं व्रत संकल्प, दोपहर 3 बजे हवन, संध्या 6.30 बजे आरती, रात्रि 8.30 बजे सामूहिक दीपदान, रात्रि 9 बजे चंद्र दर्शन एवं अर्घ्य, तथा 9.30 बजे सौभाग्य चूड़ियों का वितरण किया जाएगा। यह आयोजन शुक्रवार, दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को संपन्न होगा। पुजारी पं. हरिकुमार तिवारी ने बताया कि करवा चौथ का व्रत महिलाओं द्वारा अपने पति के दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस व्रत का उल्लेख नारद पुराण में भी मिलता है, जिसमें इसे स्त्रियों के लिए अत्यंत शुभ और कल्याणकारी बताया गया है। दीपदान का महत्व बताते हुए पं. तिवारी ने कहा कि अग्निपुराणानुसार दीपदान से आयु, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। चातुर्मास एवं कार्तिक मास में किया गया दीपदान सभी व्रतों में सर्वश्रेष्ठ फल देने वाला माना गया है। समस्त माताओं एवं बहनों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयानुसार पूजन सामग्री सहित उपस्थित होकर अपने व्रत को सफल बनाएं और पुण्यलाभ अर्जित करें।

# शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रकाश नगर गार्डन एवं जिले के विभिन्न स्थानों से किया गया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।







राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के चलते प्रकाश नगर के गार्डन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के द्वारा बताया गया कि संघ की क्या भूमिका है और आजादी के समय संघ की क्या भूमिका रही किस तरह से कार्यकर्ताओं ने आजादी की लड़ाई पर अपना योगदान दिया और उसका वर्णन किया गया उद्बोधन उपरांत पद संचलन का कार्यक्रम गार्डन से होते हुए मुख्य मार्ग बावरिया रोड से समापन गार्डन पर हुआ इस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र स्वयंसेवकों ने भाग लिया जगह-जगह पर स्वयं सेवकों का स्वागत फूलों से किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के चलते दिनांक 5 अक्टूबर को सिंचाई कालोनी बस्ती एवं बारापत्थर बस्ती का पृथक पृथक पथ संचलन संपन्न हुआ।

**जिला संपर्क प्रमुख विनोद रहांगडाले ने पंच परिवर्तन व संघ के इतिहास पर डाला प्रकाश**

जिले के खंड गोपालगंज के मंडल परतापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी उत्सव आज दिनांक 05 अक्टूबर 2025 को बकौड़ी शंकर मंडिया में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संपर्क प्रमुख विनोद रहांगडाले जी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास तथा पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त भारतीय सेना के विजय सूर्यवंशी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड, उपखंड एवं मंडल के सभी दायित्वन कार्यकर्ताओं ने एकत्रीकरण, संचलन तथा शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश एवं अनुशासन का परिचय देते हुए उत्सव को सफल बनाया।

# जिले में लगातार हो रही तेज बारिश आम जन जीवन को अस्त-व्यस्त



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्यालय सहित जिले में लगातार हो रही तेज बारिश ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। रविवार की तरह सोमवार को भी सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई मूसलाधार वर्षा ने नगर को बेहाल कर दिया। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र तिलक वार्ड रहा, जहां लड़ैया मोहल्ले में कमर तक जलभराव हो गया। बारिश का पानी घरों में घुस जाने से लोगों की गृहस्थी का सामान खराब हो गया। नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रुक-रुककर हो रही आफत की वर्षा ने नगर के कई निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन पर नालों की सफाई समय पर न करवाने का आरोप लगाया। नागरिकों का कहना है कि यदि नालों की नियमित सफाई की गई होती, तो इतनी बड़ी समस्या उत्पन्न नहीं होती। इधर लगातार वर्षा से खेतों में भी पानी भर गया है। क्षेत्र में बोई गई मक्का और धान की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही हैं।

## अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा मानवता की सेवा हेतु एक सराहनीय कदम

# अरुण रजक ने ज़रूरतमंद मरीज को किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 06 अक्टूबर 2025 को हमारे संगठन अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा मानवता की सेवा हेतु एक सराहनीय कदम उठाया गया। संगठन के सदस्य अरुण रजक ने एक ज़रूरतमंद मरीज को रक्तदान कर उसका जीवन बचाने में सहयोग किया।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। जब भी समाज में किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता हो, हम सबको आगे आकर सहायता करनी चाहिए। संगठन ने संकल्प लिया है कि भविष्य में भी हर संभव अवसर पर ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। कार्यकर्ता मुख्यरूप से सम्मलित रहे जिला अध्यक्ष अनीस उइके जी दीपक रजक जी शिवा तिवारी शुभम राकेश्वर।

# विद्या भारती द्वारा सप्त शक्ति संगम कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ

**महारानी दुर्गावती जयंती से हुआ आरंभ, श्रृंखला सुभाष जयंती तक चलेगी**

**मातृशक्ति के सशक्तिकरण पर रहेगा विशेष फोकस**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ का शताब्दी वर्ष पूरे देश में उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्या भारती संगठन भी अपने विद्यालयों में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। जिला संयोजक सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भैरोगंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अमिता पटेल (सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं प्रज्ञा प्रभार महिला आयाम प्रमुख), श्रीमती सरिता आंधवान (विभागीय पदाधिकारी एवं योगाचार्य) तथा जिला कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती वीणा पांडे ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम आज 5 अक्टूबर, महारानी दुर्गावती जयंती से प्रारंभ होकर 23 जनवरी, सुभाष जयंती तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा लिए गए 'पंच परिवर्तन' के संकल्पों को सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रमों के माध्यम से घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।



**महिलाओं की भूमिका और अभियान का उद्देश्य**

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए श्रीमती वीणा पांडे ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति की भूमिका को समाज और परिवार के केंद्र में स्थापित करना है। डॉ. अमिता पटेल ने कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि परिवार, पर्यावरण और समाज के प्रति मातृशक्ति की भारतीय दृष्टि विकसित की जाएगी। विद्या भारती संगठन में महिलाओं की सक्रियता बढ़ाई जाएगी। बालक के समग्र विकास में माता की भूमिका स्पष्ट की जाएगी। महिलाओं में आत्मगौरव और निर्णय प्रक्रिया में सहभागिता को प्रोत्साहन मिलेगा। राष्ट्र-समाज में पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वच्छता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी पर विशेष बल विभागीय पदाधिकारी एवं संस्कृत भारती महिला प्रमुख योगाचार्य श्रीमती सरिता आंधवान ने बताया कि सप्त शक्ति संगम के अंतर्गत जिले में अनेक छोटे-छोटे आयोजन होंगे, जिनके माध्यम से पत्रकों का वितरण, सामाजिक विषयों पर संवाद, तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में लगभग 250 महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिन विद्यालयों में छात्रसंख्या अधिक है, वहाँ एक से अधिक कार्यक्रम होंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और वीर बलिदानियों की माताओं-पत्नियों को सम्मानित भी किया जाएगा। आंधवान ने बताया कि यह अभियान न केवल महिला सशक्तिकरण को गति देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और छात्र संख्या वृद्धि में भी उपयोगी सिद्ध होगा।

**कार्यक्रम का शुभारंभ व उपस्थिति**

पत्रकार वार्ता का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर सह संयोजिका श्रीमती सविता विश्वकर्मा, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती शुभांगी पटेवार एवं श्रीमती विभा परमार उपस्थित रहीं।

## जिले में कफ सिरप जांच के लिए संयुक्त दल गठित

# कलेक्टर के निर्देश प्रत्येक तहसील में तीन सदस्यीय टीम कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 03 अक्टूबर 2025 को जारी एडवाइजरी के अनुपालन में, कफ सिरप के उपयोग से बच्चों में गंभीर दुष्प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर जिले की सभी तहसीलों में संयुक्त जांच दल गठित किए गए हैं।

**जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक तहसील में एक-एक राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अधिकारी को सम्मिलित कर तीन सदस्यीय दल बनाया गया है। ये दल अपने-अपने क्षेत्रों में कफ सिरप की बिक्री, भंडारण और उपयोग की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।**







संयुक्त दलों में सिवनी तहसील के लिए नायब तहसीलदार श्री हिमांशु कौशल, प्रभारी सहायक भू अभिलेख श्री सुरेश राय, टीआई श्री किशोर वामनकर, टीआई श्री सतीश तिवारी एवं बीएमओ डॉ. राजेन्द्र कुमार शामिल हैं।

कुरई तहसील में नायब तहसीलदार श्री दामोदर प्रसाद दुबे,टीआई श्री कृपाल सिंह टेकाम एवं बीएमओ डॉ. राकेश ठाकरे, छपारा के लिए नायब तहसीलदार श्री रामसेवक कोल,टी आई श्री खेमेन्द्र जेतवार एवं बीएमओ डॉ.ताम सिंह इनवाती, बरघाट के लिए श्री धर्मराज तुरकर, टी आई मोहनीश बैस एवं बीएमओ डॉ उषा श्रीपाण्डे, केवलारी के लिए श्री कुँवरलाल राउत, टी आई शिव शंकर रामटेकर एवं बीएमओ डॉ. अमृत लाकरा, लखनादौन के लिए श्री अखलेश कुशराम, टी आई श्री के पी धुर्वे एवं बीएमओ डॉ. अशोक सहलाम,घंसौर के लिए प्रभारी सहायक भू अभिलेख श्री धीरुलाल परते, टीआई श्री लक्ष्मण सिंह झारिया एवं बीएमओ डॉ.भारती सोनकेशरिया, इसी तरह धनौरा के लिए प्रभारी सहायक भू अभिलेख श्री धीरुलाल परते, एसआई श्री मनीष बंसोड एवं बीएमओ डॉ. राम जनमप्रसाद को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए हैं कि सभी दल एडवाइजरी में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जांच करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे में संदिग्ध दवाओं की बिक्री या उपयोग किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा।

## बीजादेवरी भाजपा मंडल की कार्यकारणी घोषित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की सहमति से सिवनी विधानसभा के बीजादेवरी मंडल अध्यक्ष शंकरलाल उट्टी ने अपनी मंडल कार्यकारणी घोषित की है। घोषित कार्यकारणी में पदाधिकारियों सहित कार्यसमिति में 61 सदस्यों का समावेश है । भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने बीजादेवरी मंडल में नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुये सभी से पद और पार्टी की गरिमा के अनुकूल जिम्मेदारी का सफल निर्वहन करने की अपेक्षा जताई है ।

मंडल की घोषित कार्यसमिति निम्मनानुसार जारी की गयी है - भाजपा बीजादेवरी मंडल अध्यक्ष शंकरलाल उट्टी ने अपनी मंडल कार्यसमिति में 6 उपाध्यक्ष क्रमशः राजेश वर्मा, कैलाश बाकलवार, परसू साहू, बरातीलाल इनवाती, श्रीमती अर्चना डेहरिया एवं श्रीमती अनीता उइके को बनाया है तथा काजू सल्लम एवं मटरू बरकडे महामंत्री को बनाया है कार्यकारणी में 6 मंत्री क्रमाशः सौरभ साहू, किसन बंजारा, श्रीमती बीना डेहरिया, श्रीमती मैनकुमारी उइके, श्रीमती रामप्यारी भलावी एवं पन्नालाल इनवाती को मंत्री का दायित्व दिया गया है ।

# आईपीएल खिलाड़ी अरशद खान का किया सम्मान



हाकी संभागीय ज्वाइंट सेकेंडरी ने दिया मोमेंटों

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वैसे तो सिवनी नगर हॉकी के लिए जाना जाता है यहां के अरशद खान सहित अनेक खिलाडियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के जौहर से जिले का नाम रोशन किया इस तरह के मैच हमें गोल्ड मेडल तक ले जसते है श्े हसकी कस मंख ही हमें ऊंचाईयों प्रदान करता है, वैसे तो मैं क्रिकेट का खिलाडी हूॅ लेकिन यहां के हाकी प्रेम को देखता हूॅ तो मुझे खुशी होती है उक्त उद्गार गोपालगंज निवासी आईपीएल क्रिकेट खिलाडी अरशद खान ने मेजर ध्यानचंद हाकी एस्टोटर्फ मैदान में आयोजित हॉकी मैच के दौरान सम्मान में व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व संभागीय हॉकी संघ के ज्वाइट सेकेंडरी मकसूदा मिर्जा, जिला हाकी संघ के अध्यक्ष डीएल गौर, जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे, एसबी मिर्जा, फिरदौस खान, फिरोज खान, सिफला खान, मिनाज खान मिंटू पाशा, मकसूद भाई अलीम भाई, श्याम, अमर बी सिंग अरशद खान मुमताज अली सहित अनेक लोग उपस्थित थे, मिर्जा ने मोमेंटो तथा शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान 40 वर्ष से अधिक उमग्र के खिलाडियों का मैच खेला गया जिसमें बद्रर्स क्लब ने बायज क्लब को 3-1 से हराया, दूसरा मैच आजाद स्पोर्टस एवं शफीक स्पोर्ट के बीच खेला गया।

## बैंक की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

# किसान परेशान : बोनस राशि निकालने में लग रहे चार घंटे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक तरफ किसान अपनी फसलों का उचित दाम पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा दी गई बोनस की राशि निकालने के लिए उन्हें बालाघाट के बैंक में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

नगर के आजाद चौक स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शहरी शाखा में इन दिनों किसानों को अपनी बोनस राशि निकालने के लिए तीन से चार घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।

हालात यह है कि सुबह 11 बजे बैंक पहुंचे किसानों को भुगतान के लिए शाम तक रुकना पड़ रहा है, जिससे किसान आक्रोशित हैं और उन्होंने बैंक की अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई है। बैंक में बैठने की व्यवस्था नहीं है,वाहन पार्किंग की जगह नहीं है और पेयजल (पानी) की सुविधा भी अपर्याप्त है। सुविधाओं के अभाव में किसान अन्य दुकानों के सामने या बाहर धूप में बैठने को मजबूर हैं, जिस पर आस-पास के दुकानदारों को भी आपत्ति है।



75 वर्षीय मेहतरीन बाई ने शिकायत की कि वह भी सुबह 11 बजे बैंक पहुंची थीं, लेकिन शाम तक उन्हें भुगतान नहीं हो पाया। धूप की गर्मी से परेशान होकर वह दिन भर राशि की आस में यहां-वहां भटकती रहीं। किसान विनोद हरिनखेड़े ने बताया कि उनका विड्रॉल 12:30 बजे पास हो गया था, लेकिन शाम 6 बजे तक भी उन्हें पेमेंट नहीं मिला।

यह पहला मामला नहीं है। समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री के दौरान भी किसानों को ऐसी ही परेशानी का सामना करना पड़ा था, इसके बावजूद बैंक ने अब तक कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की।

किसानों के परेशान होने पर शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा ने बताया कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारी इस समस्या को लेकर गंभीर हैं और जल्द ही किसानों को सुविधायुक्त जगह पर स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उन्हें इंतजार के दौरान दिक्कत न हो।

## इलाज में देरी से परिजनों और नर्सों के बीच विवाद



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला अस्पताल के आँर्थो वार्ड में रविवार शाम मरीज के परिजनों और स्टाफ नर्सों के बीच हुए विवाद पर सोमवार को विराम लग गया। परिजनों की लिखित में माफी मांगने के बाद, नाराज नर्सों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया और काम पर लौट आईं।

यह विवाद रविवार शाम इलाज में देरी को लेकर शुरू हुआ था, जो गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक पहुंच गया था। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

सोमवार को विवाद के विरोध में अस्पताल की स्टाफ नर्सों ने बैठक की और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उनकी मुख्य मांग थी कि या तो मरीज के परिजनों पर कार्रवाई हो या वे माफी मांगें।

स्टाफ नर्स मंजू बिसेन ने बताया कि वे अपनी साथी नर्सों वर्षा रंगारे और भोजवती के साथ मरीज संजय मोहारे को इंजेक्शन लगाने गई थीं, तभी परिजनों ने उनके साथ अभद्रता की।

मामले में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद, मरीज के परिजनों ने अन्य मरीजों के इलाज को देखते हुए नर्सों से माफी मांग ली। माफीनामे के बाद नर्सों ने भी परिजनों को माफ कर दिया और अपनी शिकायत वापस ले ली।

मरीज के परिजन प्रेमशिखर मोहारे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके चाचा को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था और शाम तक उपचार शुरू नहीं हुआ। उनके पिता ने केवल देरी से आने के बारे में पूछा था, जिस पर नर्सें नाराज हो गईं और उन्हें भी भला-बुरा कहने लगीं। मोहारे ने बताया, ₹अन्य मरीजों के इलाज की खातिर, हमने नर्सेस से अपनी गलती के लिए माफी मांगी है और समझौता कर लिया है।

समझौते के बाद, नर्सों में उपजा नाराजगी का माहौल समाप्त हो गया और वे अपने-अपने वार्ड में लौट गईं। हालांकि, नर्सों ने अपनी प्रमुख मांग दोहराई है कि रात में काम करते समय वार्डों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### मेडिकल स्टोर्स की जांच कर कोल्ड्रीफ कफ सीरप का रिकॉर्ड चेक करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 06 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रीफ कफ सीरप के उपयोग से बच्चों की मौत होने के मामले में संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने सम्पूर्ण बालाघाट जिले में कोल्ड्रीफ कफ सीरप एवं नेस्ट्रो -डीएस सस्पेंशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं औषधि निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिये कि वे जिले में स्थित समस्त मेडिकल स्टोर्स की जांच कर कोल्ड्रीफ कफ सीरप एवं नेस्ट्रो-डीएस सस्पेंशन के रिकॉर्ड की जांच करें। सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के समस्त मेडिकल स्टोर्स की जांच कर इन प्रतिबंधित दवाओं का स्टॉक चेक करें और सुनिश्चित करे कि इनका विक्रय न हो और मरीजों के उपचार में उपयोग न हो।



बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाईन अटेंडेंस हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से लगवाना सुनिश्चित करें। इस एप्प के आधार पर शिक्षकों की जितने दिन की उपस्थिति हो उतने दिन का ही वेतन आहरण किया जाए। हमारे शिक्षक एप्प में जितने दिन शिक्षकों की अनुपस्थिति हो उतने दिन का वेतन काट दिया जाए। जो शिक्षक इस एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे है उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए गोदामों के निरीक्षण एवं उनमें उपलब्ध धान के स्टॉक का सत्यापन किये जाने की समीक्षा की गई और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए। जिले में सोयाबीन लगाने वाले सभी 67 किसानों का भावांतर योजना में शीघ्रता से पंजीयन कराने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 10 अक्टूबर तक सभी किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 38 नग सागौन के चिरान व लट्टे जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर मुख्य वनसंरक्षक , वनवृत्त बालाघाट गौरव चौधरी के आदेशानुसार प्रभारी उड़नदस्ता वनवृत्त बालाघाट अजय चौरे कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल के मार्गदर्शन में राजेन्द्र कुमार मड़ामे कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल, राकेश सनोडीया कार्यवाहक वनपाल, नरेंद्र कुमार शेन्डे, तिलक सिंह राहंगडाले, सौरभ यादव, देवेन्द्र उके वनरक्षक, शंभूलाल यादव वाहनचालक एवं पुरुषोत्तम सोनवंशी कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल एवं लालबर्रा (सामान्य) वन परिक्षेत्र के स्थानीय अमला द्वारा 06 अक्टूबर को संयुक्त रूप से सर्च वारंट क्रमांक 845 दिनांक 06 अक्टूबर के तहत लालबर्रा (सामान्य) वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघोली निवासी खिलेश पिता शिवलाल यादव के घर पहुंच कर खिलेश की पत्नी को वारंट तामीली कराकर घर की तलाशी कर 38 नग सागौन एवं अन्य प्रजाति के चिरान एवं लट्टे (0.341 घनमीटर) बरामद किया गया। विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर जप्ती की कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतु चिरान एवं लट्टे बीटगार्ड टेकाड़ी के सुपुर्द किया गया। बीटगार्ड टेकाड़ी द्वारा प्राथमिक वन अपराध प्रतिवेदन क्रमांक 16034/25 दिनांक 06/10/2025 पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में विवेचना जारी है।



### 09 अक्टूबर को मनाया जाएगा 26वॉ विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम

**बालाघाट।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2000 से हर वर्ष अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को विश्व स्तर पर विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 26 वॉ विश्व दृष्टि दिवस 9 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्यक्रम का आयोजन समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलप ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा इसकी शुरुआत विभिन्न नेत्र समस्याओं की रोकथाम और उपचार योग्य अंधेपन पर नियंत्रण के बारे मे जन जागरूकता बढाने के उद्देश्य से की गई थी। इसका उद्देश्य दुनिया का ध्यान आँखों की देखभाल के महत्व पर केंद्रित करना और सभी को अपनी आँखों से प्यार करने के लिये प्रेरित करना है।

## क्लोरफेनिरामाईन एवं फेनालेफ्रिन का उपयोग 4 वर्ष से कम आयु के शिशुओ के उपचार में न करने के सीएमएचओ के निर्देश

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा जिले के सभी डाक्टर्स, सभी रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर्स संचालक तथा निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम एवं क्लीनिक में क्लोरफेनिरामाईन मैजेट आईपी 2 एमजी के साथ ही फेनालेफ्रिन एचसीएल आईपी 5 एमजी ड्रॉप/एमएल का उपयोग 04 वर्ष से कम आयु के शिशुओं के उपचार के लिए न किये जाने के निर्देश दिए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलप ने बताया कि भारत सरकार, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (एफडीसी डीविजन) द्वारा क्लोरफेनिरामाईन मैजेट आईपी 2 एमजी के साथ ही फेनालेफ्रिन एचसीएल आईपी 5 एमजी ड्रॉप/एमएल दवा के लेबल पर, औषधि के विवरण पर्चे पर तथा औषधि के प्रचार पाम्प्लेट पर स्पष्ट रूप से चेतावनी अंकित की गई है जिसके अनुसार 04 वर्ष से कम आयु के शिशुओं के उपचार के लिए इस दवा का उपयोग नही किया जाना है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी पत्र में प्रदेश के समस्त पंजीयकृत चिकित्सा व्यावसायियों को निर्देशित किया गया है कि भारत सरकार, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुये 04 वर्ष से कम आयु के रोगी शिशु के उपचार के लिए इस औषधि को न लिखा जाए।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालकों से घर-घर जाकर किया जा रहा सम्पर्क

**बालाघाट।** पशुपालकों की आय को दोगुना करने एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी "दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान" की शुरुआत दिनांक 02 अक्टूबर 2025 से की गई है। इस अभियान के तहत प्रत्येक पशुपालक से उनके घर जाकर व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें उन्नत पशुपालन संबंधी जानकारी दी जा रही है। बालाघाट जिले में यह अभियान कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एन.डी. पुरी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। अभियान के प्रथम चरण में जिले के लगभग 900 ग्रामों में निवासरत 10 या अधिक गौ-भैंसवंश रखने वाले 04 हजार पशुपालकों से विभागीय अमला एवं मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा संपर्क कर संवाद स्थापित किया जा रहा है। संपर्क अभियान के दौरान पशुपालकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, डेयरी प्लस योजना, मुख्यमंत्री दुधारू गाय प्रदाय योजना आदि की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। अभियान में पशुपालकों को पशुओं के नस्ल सुधार हेतु उच्च अनुवांशिक गुणों वाले सीमेन एवं सेक्सेड सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान की जानकारी दी जा रही है, जिससे आने वाले नस्लों में उन्नयन होकर दुग्ध उत्पादन की क्षमता बढ़ सके। पशु पोषण विषय पर विशेष बल देते हुए क्षेत्रीय चारा सामग्री के संतुलित मिश्रण, मिनरल मिक्सचर, नमक इत्यादि के उपयोग से कम लागत में उच्च गुणवत्ता का कम्प्लीट फीड तैयार करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



### आज से गुजरी चौक गोवारी यादव समाज भूख हड़ताल पर

**किरनापुर।** जनपद पंचायतकिरनापुर के ग्राम किरनापुर के गुजरी चौक में यादव गवारी समाज के उत्थान और आम जनता के अधिकार के लिए भूख हड़ताल पर वार्ड पंच दो के अंकुश /मोहन पचभैया अपने साथियों के साथ बैठ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 20 /0 9 / 25 को जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से प्रेषित किया गया । कि हमारे द्वारा कलेक्टर महोदय ने एसडीएम किरनापुर को फोन के माध्यम से आवेदक की परेशानी को तत्काल निराकरण किया जाए। लेकिन आज तक निराकरण नहीं किए जाने को लेकर आवेदक अंकुश पचभैया गुजरी चौक में 7/ 10 / 2025 से भूख हड़ताल पर बैठ रहे हैं ।

## भौरगढ से टेमनी सड़क जर्जर, आवाजाही में परेशानी दुरस्त करने की रखी मांग

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** भौरगढ से टेमनी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है। राहगीरो ने आवाजाही की सुविधा के लिए सड़क दुरस्त करने की मांग की है । जानकारी के अनुसार यह सड़क लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आती है । करीब 3 किलोमीटर लम्बी दूरी की सड़क है। जो जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई है , जगह जगह डामर की परत उखड कर गिट्टी निकल गई है और गड्डे निर्मित हो गए है जिसके कारण राहगीरो को आवाजाही में परेशानी होती है। राहगीरो ने बताया की यह सड़क जर्जर हो गई है। जगह-जगह डामर की परत उखड कर गिट्टी उखड कर गड्ढे बन गए है।सावधानी न बरतने पर सड़क में दुर्घटना होने की अक्सर संभावना बनती है। मार्ग से गुजरने वाले राहगीरो के सुविधा के लिए सड़क दुरस्त करने की जरूरत है। मार्ग के मध्य बने हुए पाईप पुलिया के ऊपर गड्ढे निर्मित हो गए है । पुलिया की ऊंचाई कम होने से बारिश के दिनो में अक्सर बाढ की स्थिती निर्मित होती है । यह मार्ग भौरगढ से टेमनी होते हुए खैरी से तहसील मुख्यालय की ओर जाता है तथा दूसरी ओर यह मार्ग महाराष्ट्र की जाता है। रोज मार्ग से मुसाफिर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त और जर्जर होने से दिक्कत महसूस होती है तथा स्कूल के बच्चे भी सड़क से प्रतिदिन आना जाना करते है लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त होने से उन्हें परेशानी होती है ।तथा टेमनी से खैरी मार्ग में भी गड्ढे निर्मित हो गए है जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना निर्मित होती है। राहगीरो ने सड़क दुरस्त करने की मांग की है।



### स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**वारासिवनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान हेतु सेवा कार्य 'सेवा परमो धर्म' के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जनपद पंचायत वारासिवनी के पूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले ने कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर होने से जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ स्वास्थ्य शिविर लगातार दो अक्टूबर तक लगाए जा रहे हैं।

## गोवंश की तस्करी करते 5 आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी पुलिस ने मूक मवेशी गौवंश की तस्करी करने वाले 5 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है. इनके पास से कुल 15 नग मूक मवेशी मुक्त करवाए गए है जिन्हें गौशाला पहुंचाया गया है. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार की सुबह करीब 11 बजे कटंगी सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम लोहमारा में बैरियर के पास से 11 नग मूक मवेशियों को मुक्त करवाया और पुलिस को सूचना दी. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गणेश पिता पुनऊ नागेश्वर उम्र 50 वर्ष निवासी नागो टोला अर्जुननाला, बाबूलाल पिता धुस्सी राहंगडाले उम्र 58 निवासी वार्ड क्रमांक 12 छतेरा, जितेंद्र पिता धनलाल नगपुरे उम्र 30 वर्ष निवासी मोहगांव नांदी, विशाल पिता राजकुमार नगपुरे उम्र 22 वर्ष निवासी मोहगांव नांदी के कब्जे से कुल 11 नग गौवंश को मुक्त करवाया. कथित तौर पर इन मवेशियों को कत्लखाने भेजा जा रहा था. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 347 दर्ज कर मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6, 9, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ), भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 3 (5) की कार्रवाई की है. वहीं रविवार की शाम करीब 04 बजे पुलिस ने दूसरी कार्रवाई करते हुए ग्राम गोपालपुर से आरोपी जय सियाराम पिता प्रेमलाल पंचेश्वर उम्र 50 वर्ष निवासी पाठापार थाना अरी जिला सिवनी के पास से 04 नग गौवंश बरामद किया है. आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 348 दर्ज कर मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6, 9, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ) की कार्रवाई की।



## सालेबर्डी में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन, आंखों के मरीज हुए लाभान्वित

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** स्वास्थ विभाग के उच्च अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आरोग्य केंद्र सालेबर्डी में सोमवार 6 अक्टूबर को निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर संपन्न किया गया । इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर में अचंल के नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया गया । बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में 66 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया। जिसमे से 16 नेत्र रोगी मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हे आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया । नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में अचंल के आंखो के मरीजो को लाभान्वित किया तथा चयनित मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया है । तथा आगामी 13 अक्टूबर को पुन खैरलांजी मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर होगा। इस दौरान नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस.बिसेन, जिलापंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, स्वास्थ विभाग से ओमेंद्र देशमुख, बी.आर घरडे सहित अन्य मौजूद रहे।



## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के मौके पर कन्हड़गांव वृत में वन विभाग ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

भारत के जीव-जंतुओं के संरक्षण के उद्देश्य प्रतिवर्ष गांधी जयंती 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जाता है. इस वर्ष मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व की थीम पर सप्ताह मनाया जा रहा है. दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के ग्रामीण इलाकों में वन विभाग विभिन्न कार्यक्रम, जागरूकता रैली, संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर रही है. मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी, डीएफओ अधर गुप्ता के निर्देशन प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र मीणा के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार के नेतृत्व में कन्हड़गांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हड़गांव, अंबेझरी, आगरी, पथरापेठ में जागरूकता बाइक रैली निकाली. सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी ओ.पी.जगने के साथ तमाम वन कर्मचारियों से पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को वन्य प्राणियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया. ग्राम अंबेझरी में वन कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर संगोष्ठी की. जिसमें सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव सलामे, वन रक्षक शिवनारायण सिंह, संतोष चौबे, चैतराम चन्दुवार, वीरेन्द्र उइके, बादल जांभुलकर, यशपाल झोडे, कृष्णा करवेती, रतन गोपाले, आकाश गोपाले, अनिल मर्सकोले, प्रमोद आशापुरे मौजूद रहे. संगोष्ठीb में ग्रामीणों को वन्य प्राणियों के अस्तित्व को बचाये रखने, कैसे बचाना है इस पर काफी विस्तार से चर्चा की गई. वहीं ग्रामीणों को यह भी बताया कि वन्य प्राणियों से स्वयं की सुरक्षा कैसे करनी है किस तरह की सावधानी बरतनी जरूरी है।

